मेसर्स आरती स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड (अलनार आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट) रायपुर (छ.ग.), द्वारा ग्राम–अलनार, तहसील–कुआकोण्डा (वर्तमान बड़े बचेली) जिला–दंतेवाड़ा (छ.ग.) में प्रस्तावित आयरन ओर माईनिंग, क्षमता 1,50,000 टीपीए, क्षेत्रफल (31.55 हेक्टेयर) के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई।

## दिनांक 30/09/2016 का कार्यवाही विवरण।

मेसर्स आरती स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड (अलनार आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट) रायपुर (छ.ग.), द्वारा ग्राम–अलनार, तहसील–कुआकोण्डा, (वर्तमान बड़े बचेली) जिला–दंतेवाड़ा (छ.ग.) में प्रस्तावित आयरन ओर माईनिंग, क्षमता 1,50,000 टीपीए, क्षेत्रफल (31.55 हेक्टेयर) के संबंध में भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानानुसार लोकसुनवाई दिनांक 30.09.2016 (30 सितम्बर 2016) दिन शुक्रवार पूर्वाह्न 11.30 बजे, स्थान–वनकाष्ठागार, वन मण्डल दंतेवाड़ा, जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में कराई गई। राजपत्र में प्रकाशित प्रावधान के अनुसार सर्वसंबंधितों से मेसर्स आरती स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड (अलनार आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट) रायपुर (छ.ग.), द्वारा ग्राम–अलनार, तहसील–कुआकोण्डा (वर्तमान बड़े बचेली) जिला–दंतेवाड़ा (छ.ग.) में प्रस्तावित आयरन ओर माईनिंग, क्षमता 1,50,000 टीपीए, क्षेत्रफल (31.55 हेक्टेयर) के संबंध में सुझाव अथवा विचार 30 दिवस के अंदर प्रस्तुत किये जाने के लिए सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाईम्स एवं स्थानीय समाचार पत्र देशबन्धु समाचार पत्र/अमृत संदेश समाचार पत्र के अंक में दिनांक 27.08.2016 को जनसाधारण की जानकारी के प्रयोजनार्थ प्रकाशित कराया गया।

निर्धारित समयावधि में क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर के समक्ष निर्धारित समयावधि में श्री वी. सुनंदा रेड्डी प्रेसिडेन्ट, धारीथरी पर्यावरण परिरक्षण संस्था नालगोण्डा, तेलंगाना से ई–मेल के द्वारा आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुआ है।

.........................2

लोकसुनवाई प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित जन समुदाय को लोकसुनवाई प्रक्रिया की जानकारी दी गई। तत्पश्चात लोकसुनवाई के प्रथम चरण में प्रबंधन के श्री अशोक जॉन एवं डॉ. विवेक तिवारी (पर्यावरण विशेषज्ञ, पर्यावरण सलाहकार) द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में कम्पनी द्वारा क्या विकास किया जायेगा एवं परियोजना के तहत् मेसर्स आरती स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड (अलनार आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट) रायपुर (छ.ग.), द्वारा ग्राम–अलनार, तहसील–कुआकोण्डा, जिला–दंतेवाड़ा (छ.ग.) में प्रस्तावित आयरन ओर माईनिंग से उत्पन्न होने वाले जल/वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्रस्तावित उपायों की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई।

<u>जन सुनवाई के दौरान उपस्थित जनसामान्य द्वारा प्रमुख रूप से निम्नलिखित मुद्दे उठाये गये :–</u>

1. श्री प्रमोद नायक, खनि अधिकारी, दंतेवाड़ा– मिट्टी उपजाऊ, मृदा क्षरण होगा, एवं लाल पानी की समस्या के निवारण के लिए क्या व्यवस्था की जायेगी?

2. श्री के. शिवा, बचेली – हम लोग वहां के निवासी है वहां पर बाहर के लोगों को काम पर ले लेगें तो हमारा क्या होगा? आन्ध्रा, भद्राचलम आदि स्थानों के लोगों को ले लेते हैं। कल प्रोजेक्ट आएगा तो हमारा क्या होगा? बताएं।

3. श्रीमती रजनी बाई, आंवराभाटा, दंतेवाड़ा – मैं 28 वर्ष से काम कर रही हूँ। परमानेंट नहीं हुई हूँ। साफ–सफाई कर रही हूँ। मेरा ख्याल किया जाय, मैं बहुत गरीब हूँ।

4. श्री रफीक खान, गीदम – जो प्रोजेक्ट आ रहा है। इसमें काम मिलेगा कि नही? स्थानीय लोगों को काम पर रखना है।

..........................3

5. श्री राधाकृष्ण बंजारे, नायब तहसीलदार, बड़े बचेली – हमारे ग्रामीण अंचल के किसी को नही मालुम कि वहां पर उद्योग आयेगा। वहां ग्रामीण 5वीं 8वीं तक पढ़े हैं। उनके लिए रोजगार की क्या व्यवस्था होगी? रोजगार उपलब्ध कराने के पूर्व स्थानीय निवासियों को प्रशिक्षण की क्या व्यवस्था होगा?

6. श्री राकेश कुमार साहू, किरंदुल – जो हास्पिटल वहां खुलेगा। उसमें केवल काम करने वालों का ही ईलाज होगा या सभी गांव वालों के लिए सुविधा मिलेगी? वहां के स्कुल में, प्रोजेक्ट में काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को सुविधा मिलेगी या सभी ग्रामीणों के बच्चों को सुविधा मिलेगी।

7. श्री दयानंद घोष, किरंदुल – दंतेवाड़ा गीदम में काम कर रहा हूँ। यहां पर बहुत सारे लोगों को रोजगार मिल रहा है। यह प्रोजेक्ट खोलने से वहां पर बहुत सारे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा, इसलिए प्रोजेक्ट खुलना चाहिए।

8. श्री राजेश, ग्राम–दुगेली, – मुझे काम नहीं मिल रहा है। बचेली जाने से खाली हाथ आना पड़ता है। मुझे काम चाहिए, सभी बाहर के लोग भर गये हैं।

9. श्री सुब्रत साना, पालनार – अगर प्लांट खुलेगा तो रोजगार प्राप्त होगा, स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

10. श्री श्रवण कड़ती, भा.ज.पा. जिला मंत्री, दंतेवाड़ा – जो बेरोजगार युवा हैं। उनके लिए अच्छा अवसर है वहां पर स्थनीय विकास होगा मेरा मानना है कि उद्योग आने से स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

11. श्री अमल घोष, भांसी – मैं चाहता हूँ कि प्रोजेक्ट खुलने से रोजगार मिलेगा, इसलिए कंपनी खुलनी जरूरी है। स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

12. श्री संतोष सिंह, दंतेवाड़ा – आरती स्पंज प्लांट जो आ रहा है आना चाहिए। हम प्लांट में काम करना चाहते हैं। इसलिए उद्योग को खुलना चाहिए।
13. श्री सुरेश कुमार तोमों, बड़े बचेली – मैं एन.एम.डी.सी. बचेली में काम करता हूँ, ग्राम अलनार में छोटा सा यूनिट खुलने वाला है, इसमें आसपास के युवाओं को रोजगार मिलेगा। मैं चाहता हूँ कि जल्द से जल्द यूनिट खुले।

14. श्री राजू राम तामों, बड़े कमेली–मैं चाहता हूँ जिस एरिया में माईनिंग खुल रही है, वहां खुले। लोग वादे बहुत करते हैं। लेकिन वादा नहीं निभाते हैं। वहां पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, स्कूल, अस्पताल खुले, वहां के स्थानीय लोगों को ही सभी अवसर मिले।

लोक सुनवाई के दौरान जन सामान्य द्वारा आपत्ति/सुझाव/विचार दर्ज कराया गया, जो कि संलग्न है। लोक सुनवाई में जन सामान्य की उपस्थिति लगभग 150 रही एवं उपस्थिति पत्रक में 91 लोगों ने हस्ताक्षर किया। उपस्थित जन समुदाय द्वारा क्षेत्र का विकास किये जाने, शिक्षा, स्थानियों को रोजगार, अस्पताल, सड़क, वृक्षारोपण आदि की शर्त के साथ परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोकसुनवाई सम्पन्न किया गया।

30/9/16
(डॉ. सुरेश चंद्र)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
जगदलपुर (छ.ग.)

30/9/16
(दिलीप अग्रवाल)
अपर कलेक्टर
जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)